# मॉडल - (01)

## विषय - इतिहास, कक्षा– 12 वी

### विषय कोड – 315

समय : 3 घंटे　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　पूर्णांक: 100

---

निर्देश–

1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
2. प्रश्न कमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। जिसके अंतर्गत सही विकल्प, रिक्त स्थानों की पूर्ति, एक शब्द में उत्तर दो एवं सही जोड़ी मिलाओ, 4 खंडों में विभक्त है। प्रत्येक खण्ड पर 05 अंक निर्धारित है। कुल 20 अंक निर्धारित है।
3. प्रश्न कमांक 02 से 13 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न 02 से 13 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में 02 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम सीमा 25 शब्द है।
4. प्रश्न कमांक 14 से 19 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम सीमा 50 शब्द है।
5. प्रश्न कमांक 20 से 27 तक के प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
6. प्रश्न कमांक 20 से 23 तक लघुउत्तरीय प्रश्नप है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित है। व विकल्प है। उत्तर की अधिकतम सीमा 75 शब्द है।
7. प्रश्न कमाकं 24 एवं 25 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित है व विकल्प है। उत्तर की अधिकतम सीमा 100 शब्द है।
8. प्रश्न कमांक 26 एवं 27 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है व विकल्प है। उत्तर की अधिकतम सीमा 150 शब्द है।

प्रश्न कमांक 1 (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए –

(i) संगम साहित्य की भाषा है –

(अ) तमिल　　　(ब) तेलुगु

(स) मलयालम　　　(द) कन्नड़

(ii) सात रथों का मंदिर कहां स्थित है –

(अ) महाबली पुरम्　　　(ब) कांची

(स) इलाहाबाद (द) कटक

(iii) बाबर की मृत्यु के पश्चात् मुगल वंश का शासक बना था।

(अ) अकबर (ब) औरंगजेब

(स) हुमायु (द) शाहजहां

(iv) चाणक्य वंश का महान शासक था–

(अ) विक्रमादित्य

(ब) पुलकेशिन द्वितीय

(स) हर्षवर्धन

(द) चंद्रगुप्त द्वितीय

(v) काशी का आधुनिक नाम है –

(अ) बनारस (ब) पटना

(स) गया (द) वैशाली

## खण्ड (ब)

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(i) उत्कीर्ण लेखों का अध्ययन ............................ कहलाता है।

(ii) चंद्रगुप्त प्रथम का उत्तराधिकारी ............................ था।

(iii) तराईन का प्रथम युद्ध सन् .......................... में लड़ा गया था।

(iv) शिवाजी का राज्याभिषेक .............................. पर हुआ था।

(v) 1793 में लाई ..................... ने स्थाई बंदोबस्त की शुरूआत की।

## खण्ड (स)

**एक शब्द/वाक्य मे उत्तर दीजिए।**

(i) सती प्रथा का विरोध करने वाले समाज सुधारक कौन थे ?

(ii) डांडी मार्च गांधीजी ने कहां से आरंभ किया था ?

(iii) डेटांट का जनक कौन था ?

(iv) द्वितीय विश्व युद्ध कहां से शुरू हुआ था ?

(v) ईदी अमीन कहां का तानाशाह था ?

## खण्ड (स)

**सही जोड़ी बनाइये –**

| | अ | ब |
|---|---|---|
| (i) | प्रेमचंद्र | सांस्कृतिक अभिव्यक्ति |
| (ii) | ताजमहल | सामाजिक रीजि रिवाज |
| (iii) | मछली | उपन्यासकार |
| (iv) | मानव विज्ञान | मुगल वास्तुकला |
| (v) | नृत्य | केरल |

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 2 से 13 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है।

प्रश्न 2 वेदाग्र शब्द को परिभाषित कीजिए।

प्रश्न 3 आर्यभट्ट कौन थे ? उन्होंने किन सिद्धांतों का प्रतिपादन किया ?

प्रश्न 4 सिंहासन पर बैठते समय इल्तुतमिश के सम्मुख कौन सी कठिनाईयां आईं ? किन्हीं दो का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न 5 शेरशाह की दो महत्वपूर्ण सफलताओं का नाम लिखो।

प्रश्न 6 पट्टा और कबूलियत क्या है ?

प्रश्न 7 दोहरी शासन प्रणाली से क्या अभिप्राय है ?

प्रश्न 8 1857 की क्रांति का तात्कालिक कारण क्या था ?

प्रश्न 9 सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की दो मुख्य विशेषताएं लिखिए।

प्रश्न 10 निजी संपत्ति की समाप्ति का क्या अर्थ है ?

प्रश्न 11 आधुनिक कुलीन वर्ग से क्या तात्पर्य है ?

प्रश्न 12 ऋगवेद में उल्लेखित किन्हीं चार वंशों के नाम लिखिए।

प्रश्न 13 रामायण का हिन्दी रूप किसने लिखा और वह किस नाम से जाना जाता है।

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित है।

प्रश्न 14 प्राचीन आर्यों के जीवन में कृषि का क्या महत्व था ?

प्रश्न 15 अमीरों के मध्य संघर्ष के मुख्य कारण क्या थे? (कोई तीन)

प्रश्न 16 बक्सर के युद्ध के कोई तीन कारण लिखिए।

प्रश्न 17 साम्यवाद से क्या अभिप्राय है ?

प्रश्न 18 किस प्रकार राजनीतिक पहलुओं ने जर्मनी में जनसंख्या को प्रभावित किया ?

प्रश्न 19 गुप्तकालीन प्रशासनिक व्यवस्था को समझाइये।

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित है। सभी में विकल्प दिए गए हैं।

प्रश्न 20 'धरम' के संबंध में अशोक कालीन शिलालेखों से क्या जानकारी मिलती है ? समझाइये।

अथवा

जैन धर्म के प्रमुख सिद्धांतों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 21 अलाउद्‌दीन खिलजी की बाजार नियंत्रण नीति को समझाइये।

अथवा

भारत में आरंभ हुए सूफी मत की प्रमुख विशेषताओं को समझाइये।

प्रश्न 22 स्वदेशी एवं बहिष्कार आंदोलन के विकास के कारणों को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

1905 के रूसी क्रांति के महत्व को समझाइये।

प्रश्न 23 संस्कृति के विभिन्न रूपों ने बौद्ध धर्म के प्रसार में किस प्रकार सहायता की ? समझाइये।

अथवा

बंधिनी तकनीक क्या है ? भारत में कहां कहां पर बंधिनियां बनाई जाती है समझाइये।

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 24 व 25 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित है। सभी में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

प्रश्न 24 हड़प्पा सभ्यता के पतन के प्रमुख कारणों का वर्णन कीजिए।

अथवा

उत्तरवैदिक काल के दौरान आर्यों की अर्थव्यवस्था की पद्धतियों में आए परिवर्तनों का समझाइये।

प्रश्न 25 राष्ट्रीय विकास की प्रमुख राजनीतियों का वर्णन कीजिए।

अथवा

पश्चिमी यूरोप तथा उत्तरी अमेरिका में जनसंख्या वृद्धि के मुख्य कारणों का वर्णन कीजिए।

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 26 से 27 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है। प्रत्येक में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

प्रश्न 26 भारत में गांधीजी द्वारा चलाये गये प्रमुख राष्ट्रीय आंदोलनों का वर्णन कीजिए।

अथवा

स्वामी दयानंद सरस्वती, स्वामी विवेकानंद और अरविदों घोष के दृष्टिकोण से धर्म और राष्ट्रीयता में परस्पर संघर्ष को समझाइये।

प्रश्न 27 पश्चिमी ताकतों ने 1950 के दौरान तुष्टिकरण की नीति क्यों अपनाई? फासिष्टों पर उसका क्या प्रभाव पड़ा ?

अथवा

शीत युद्ध का अर्थ लिखते हुए इसके लिए जिम्मेदार कारकों का वर्णन कीजिए।